जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, बरेली की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 13.05.2026 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत

दिनांक 13.05.2026 को जिलाधिकारी महोदय, बरेली की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, बरेली में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत माहवार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, समस्त नोडल अधिकारी, सभी सहायक अभियन्ता, मै0 एन0सी0सी0 लि0 बरेली के डी0जी0एम0, सभी क्षेत्रों के पी0एम0, उपस्थित थे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दिये गये कि :–

1. सभी 121 O&M स्कीम्स पर नियुक्त नोडल अधिकारियों से निरीक्षण में पायी गयी स्थिति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी जिसमें उनके द्वारा बताई गयी कमियों का जल्द से जल्द निराकरण करने हेतु आदेशित किया गया ।
2. खितौसा पेयजल योजना के टूटी हुई बाउन्ड्रीवाल को 15 दिवस में पूर्ण करने के लिए आदेशित किया गया।
3. ग्राम कुवरगढ, सिमराबोरीपुर, करौदा, हडोरिया में जो पाइप लाइन एवं नये नल गृह संयोजन की मांग की जा रही है उन्हे एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।
4. सभी 876 स्कीम्स के ओवर हैड टैंक की तकनीकी जांच किए जाने के निर्देश दिय गए तथा एसे ओवर हैड टैंक जो आबादी के पास, नदी, तालाब आदि के समीप है की प्राथमिकता के आधार पर तत्काल टेक्निकल जांच हेतु निर्देशित किया गया।
5. मै0 एन0सी0सी0 लि0 को आदेशित किया गया कि वह अपने उच्च अधिकारियो द्वारा भी स्कीम्स पर निरीक्षण कराना सुनिश्चित कराएं।
6. जिला बरेली के सोर्स सस्टेनेविलटी प्लान को DWSM द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी।
7. समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियों को स्कीम्स पर ओ0एच0टी0 जांच हेतु निर्देश दिये गये।
8. मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा की गयी शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
बरेली

प्रतिलिपि–

1. जिलाधिकारी महोदय, बरेली।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, बरेली।
3. टी0पी0आई0 (बी0एल0जी0) बरेली।
4. मै0 एन0सी0सी0 लि0, बरेली।
5. समस्त ISA एजेन्सी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
बरेली

Scanned with OKEN Scanner